# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

## JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 के आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने से संबंधित आवश्यक सूचना**

**विज्ञप्ति संख्या – 46 / 2025**

एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होनेवाले छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों, संबंधित संस्थान के प्रधानों एवं पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से संबंधित परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से निम्नवत् कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन स्वीकार किया जायेगा :–

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम, जिसके लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार किया जाना है। | शुल्क विवरणी | परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने एवं चालान जेनरेट करने की तिथि | Online या RTGS के माध्यम से शुल्क जमा करने अन्तिम की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के लिए | विलम्ब शुल्क रहित | दिनांक 18.11.2025 से 05.12.2025 तक | दिनांक 08.12.2025 तक |
| | | विलम्ब शुल्क सहित | दिनांक 06.12.2025 से 12.12.2025 तक | दिनांक 15.12.2025 तक |
| 02. | वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 के लिए | विलम्ब शुल्क रहित | दिनांक 18.11.2025 से 05.12.2025 तक | दिनांक 08.12.2025 तक |
| | | विलम्ब शुल्क सहित | दिनांक 06.12.2025 से 12.12.2025 तक | दिनांक 15.12.2025 तक |

ऐसा देखा जाता है कि पोर्टल प्रारम्भ होने के बाद छात्रों से परीक्षा आवेदन प्रपत्र भराया जाता है और भरा हुआ परीक्षा आवेदन प्रपत्र छात्रों से प्राप्त करने में विलम्ब होती है। विलम्ब होने की स्थिति में संस्थान द्वारा काफी हड़बड़ी में पोर्टल पर परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरा जाता है। जिससे कई त्रुटियाँ सामने आती है और आवेदन प्रपत्र भरने से छूटने की भी समस्या देखी गई है। इन्हीं सभी कारणों से छात्रहित में परिषद् द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने से संबंधित पोर्टल प्रारम्भ करने के पूर्व परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। ताकि ससमय भरा हुआ परीक्षा आवेदन प्रपत्र छात्रों से प्राप्त कर छात्र से संबंधित संस्थान स्तर पर उपलब्ध डाटा/LOS से इसका मिलान किया जा सके। सभी संस्थान प्रधानों से अनुरोध है कि :–

- उक्त परीक्षा आवेदन प्रपत्र को डाउनलोड कर संबंधित छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।
- परीक्षा में सम्मिलित होनेवाले छात्र/छात्राओं का LOS (List of Students) तैयार कर लिया जाय।
- भरे हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र छात्र/छात्राओं से प्राप्त कर तैयार किए गए LOS से मिलान कर लिया जाय। ताकि छूटे छात्र/छात्राओं के संबंध में वास्तविक स्थिति ज्ञात हो सके।
- परीक्षा आवेदन प्रपत्र छात्रों के पंजीयन संख्या के अनुरुप स्वीकार की जाती है। कई ऐसे मामलों में देखा गया है कि संस्थान द्वारा दूसरे छात्र का पंजीयन संख्या पोर्टल में भरकर परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा कर दिया जाता है और परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने वाले वास्तविक छात्र परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने से वंचित हो जाते हैं और इसका ज्ञान उन्हें परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होने के बाद होता है। फलतः उनके द्वारा परिषद् कार्यालय में परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने हेतु अनुरोध किया जाता है। संस्थान की ऐसी चूक से संबंधित छात्र का एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद हो जाता है। अतः परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने के लिए सही–सही पंजीयन संख्या का उपयोग करना सुनिश्चित किया जाय।

**नोट :– दिनांक 17.11.2025 से परिषद् पोर्टल पर परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने से संबंधित आवश्यक दिशा–निदेश एवं शुल्क विवरणी उपलब्ध होगा। जिसका अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय।**

JAC/गोप0/6059/25/SEC/1065/25.
Dt- 07/11/2025.

अध्यक्ष के आदेश से,

7-XI-25

(जयन्त कुमार मिश्र)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 (सत्र 2024–26) में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने एवं डाटा में त्रुटि सुधार से संबंधित आवश्यक दिशा–निर्देश

- वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने की कार्रवाई परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से दिनांक 18.11.2025 से गतिमान है।
- परीक्षा आवेदन प्रपत्र Student Information sheet के रुप में परिषद् के Exam portal पर दिनांक 08.11.2025 से उपलब्ध है। उक्त प्रपत्र को +2 विद्यालय/महाविद्यालय प्राचार्य डाउनलोड कर सभी छात्र/छात्राओं को हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे।
- भरे हुए आवेदन प्रपत्र सभी छात्र/छात्राएँ अपने +2 विद्यालय/महाविद्यालय प्राचार्य के पास जमा करेंगे।
- पूर्व में परिषद् द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में +2 विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा सभी छात्र/छात्राओं के List of students for Registration/Examination (LoS) तैयार किया जायेगा। छात्र/छात्राओं द्वारा उपलब्ध कराये गये भरे हुए Student Information sheet का मिलान तैयार LoS से किया जाय।
- वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 के लिए पात्र सभी छात्र/छात्राओं का डाटा विद्यालय के लॉग–इन में डाला गया है।
- परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने वाले सभी छात्र/छात्राओं का डाटा View button पर Click कर देखा जा सकता है। उक्त डाटा का मिलान LoS से कर लिया जाय।
- संबंधित छात्र/छात्राओं के चेकलिस्ट को डाउनलोड करना आवश्यक होगा। चेकलिस्ट का मिलान Student Information sheet एवं LoS से किया जाय। ताकि छात्र के डाटा में किसी प्रकार की त्रुटि की सम्भावना नहीं रहे।
- कतिपय छात्र/छात्राओं या अभिभावकों से ऐसी सूचना मिलती है कि विद्यालय द्वारा चेकलिस्ट पर छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों से हस्ताक्षर नहीं लिया जाता है। यह परिषद् के निदेश की अवहेलना है। छात्र/छात्रा एवं अभिभावक से चेकलिस्ट पर हस्ताक्षर कराने का उद्देश्य संबंधित छात्र का भरा गया डाटा का मिलान करना है। चेकलिस्ट का मिलान नहीं कराने से छात्र/छात्राओं के डाटा में त्रुटि बनी रहती है और उन्हें बाद में सुधार हेतु परिषद् कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है। अतः चेकलिस्ट पर छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का हस्ताक्षर कराना अतिआवश्यक है। अन्यथा की स्थिति में यथोचित कार्रवाई परिषद् स्तर से की जा सकेगी।
- जिन छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा किया जाना है, उनका PEN No. entry करना अनिवार्य होगा। उनके नाम के सामने उपलब्ध Check box select कर Submit करेंगे। Final submit करने से पूर्व फोटो एवं हस्ताक्षर की जांच +2 विद्यालय/महाविद्यालय प्राचार्य अनिवार्य रुप से करेंगे।
- परीक्षा आवेदन प्रपत्र Submit करने के बाद परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने हेतु चालान जेनरेट किया जाएगा। उक्त चालान के माध्यम से बैंक में शुल्क की राशि सिर्फ NEFT/RTGS के माध्यम से जमा की जाएगी। इसके उपरान्त RTGS/NEFT से संबंधित विवरणी परिषद् के वेबसाईट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- ऑनलाइन दिए गए छात्रों से संबंधित डाटा में यदि किसी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित होती है तो परिषद् द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने की तिथि समाप्ति के पश्चात् संशोधन हेतु एक सप्ताह का समय दिया जायेगा। जिसमें +2 विद्यालय/महाविद्यालय अपने स्तर से संशोधन की कार्रवाई कर सकते हैं।
- संशोधन के लिए सभी छात्र/छात्राएँ परिषद् के वेबसाइट पर अपने–आप को पंजीकृत करेंगे। पंजीकृत किए जाने के पश्चात् छात्र/छात्रा अपना डाटा (नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, विषय, इत्यादि) देख सकते हैं।
- यदि छात्र को इन डाटा में किसी प्रकार की संशोधन की आवश्यकता महसूस होती है तो वह उस प्रपत्र को डाउनलोड करेंगे एवं आवश्यक संशोधन करते हुए अपने +2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान के पास जमा करेंगे।
- +2 विद्यालय/महाविद्यालय अपने स्तर से संबंधित छात्र के डाटा में साक्ष्य आधारित संशोधन कर सकेंगे।
- संशोधन की कार्रवाई के पश्चात् +2 विद्यालय/महाविद्यालय सभी किए गए संशोधनों की समेकित विवरणी बनायेंगे और छात्र/छात्रा द्वारा जमा किए गए प्रपत्र के साथ 03 दिनों के अन्दर परिषद् कार्यालय में जमा करेंगे।
- संशोधन के लिए निर्धारित अवधि के पश्चात् संशोधन संबंधी किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

P.T.O.

- परीक्षा आवेदन हेतु शुल्क की विवरणी

| Sl. No. | Appearing | Caste | Registration year | Candidate category | Gender | Total fees (Before start of late fee) | Total fees (After start of late fee) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ALL_SUBJECT | | | Regular (First Attempt) | Female | 1100.00 | 1600.00 |
| 2 | ALL_SUBJECT | | | Private (First Attempt) | Female | 1400.00 | 1900.00 |
| 3 | ALL_SUBJECT | | | Ex-Regular (First Attempt) | Female | 1400.00 | 1900.00 |
| 4 | ALL_SUBJECT | | | , Ex-Regular (Subsequent Attempt) | Female | 1160.00 | 1660.00 |
| 5 | ALL_SUBJECT | | | Ex-Regular (First Attempt) | Male | 1400.00 | 1900.00 |
| 6 | ALL_SUBJECT | | | Ex-Regular (Subsequent Attempt) | Male | 1160.00 | 1660.00 |
| 7 | ALL_SUBJECT | | | Private (First Attempt) | Male | 1400.00 | 1900.00 |
| 8 | ALL_SUBJECT | General & EWS | | Regular (First Attempt) | Male | 1400.00 | 1900.00 |
| 9 | PERMITTED | SC/ ST/ BC-1/ BC-2 | | Regular (First Attempt) | Male | 1100.00 | 1600.00 |
| 10 | NON-PERMITTED | SC/ ST/ BC-1/ BC-2 | | Regular (First Attempt) | Male | 1400.00 | 1900.00 |
| 11 | QUALIFYING | | 2022-2024 | Ex-Regular (First Attempt) | Female | 1400.00 | 1900.00 |
| 12 | QUALIFYING | | 2023-2025 | Ex-Regular (First Attempt) | Female | 1400.00 | 1900.00 |
| 13 | QUALIFYING | | 2022-2024 | Ex-Regular (First Attempt) | Male | 1400.00 | 1900.00 |
| 14 | QUALIFYING | | 2023-2025 | Ex-Regular (First Attempt) | Male | 1400.00 | 1900.00 |
| 15 | QUALIFYING | | 2021-2023 | Ex-Regular (First Attempt) | Female | 1700.00 | 2200.00 |
| 16 | QUALIFYING | | 2021-2023 | Ex-Regular (First Attempt) | Male | 1700.00 | 2200.00 |
| 17 | IMPROVEMENT | | 2022-2024 | Ex-Regular (First Attempt) | Female | 1760.00 | 2260.00 |
| 18 | IMPROVEMENT | | 2023-2025 | Ex-Regular (First Attempt) | Female | 1760.00 | 2260.00 |
| 19 | IMPROVEMENT | | 2022-2024 | Ex-Regular (First Attempt) | Male | 1760.00 | 2260.00 |
| 20 | IMPROVEMENT | | 2023-2025 | Ex-Regular (First Attempt) | Male | 1760.00 | 2260.00 |
| 21 | IMPROVEMENT | | 2021-2023 | Ex-Regular (First Attempt) | Female | 2060.00 | 2560.00 |
| 22 | IMPROVEMENT | | 2021-2023 | Ex-Regular (First Attempt) | Male | 2060.00 | 2560.00 |

नोट :-

- Online आवेदन प्रपत्र भरने के कार्य हेतु Online processing fee के रुप में परिषद् द्वारा 30/- रुपये निर्धारित किया गया है। यह शुल्क प्रति छात्र संस्थान द्वारा लिया जा सकेगा। चालान में यह शुल्क समाहित नहीं होंगे। संस्थान अपने स्तर से यह शुल्क छात्र/छात्रा से लेंगे और इसका संधारण एवं उपयोग संस्थान द्वारा झारखण्ड सरकार के वित्तीय नियम के अनुसार किया जा सकेगा।
- आवेदन प्रपत्र भरने के उपरान्त जेनरेट किए गए चालान के अनुसार ही शुल्क का भुगतान NEFT/RTGS के माध्यम से चालान में अंकित Account No. में ही करना सुनिश्चित किया जाय। एक साथ दो या अधिक चालान का भुगतान मान्य नहीं होगा। प्रत्येक चालान के लिए अलग-अलग UTR No. वेबसाइट में अपलोड किया जाएगा। चालान जेनरेट किए गए तिथि के 02 कार्यदिवसों के अन्दर शुल्क का भुगतान किया जाना आवश्यक होगा। ताकि परिषद् स्तर से ऑनलाइन चालान का Approval ससमय किया जा सके।
- ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने की तिथि विज्ञप्ति संख्या - 46/2025 के माध्यम से दिनांक 08.11.2025 को प्रकाशित की गई है। अन्य सूचनाओं की जानकारी के लिए समय-समय पर परिषद् के वेबसाईट का अवलोकन करना सुनिश्चित किया जाय।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/-
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची

ज्ञापांक : JAC/गो0/6059/25-Secy/1110/25 /रांची, दिनांक : 18.11.2025